भविष्य दर्शन

दिनांक 8 से 14 सितम्बर 2024 तक

भविष्यद्रष्टा
डॉ. मंगल त्रिपाठी

फोन : 09830089794, 12 बजे दिन तक, YouTube पर भी उपलब्ध

ग्रह संचरण- सूर्य और बुध सिंह में, शुक्र और केतु कन्या में, प्लूटो मकर में, शनि कुंभ में, राहु और नेपच्यून मीन में, गुरु और हर्शल वृष में, मंगल मिथुन में एवं चंद्रमा 09/09 को घं. 11/30 से वृश्चिक, 11/09 को घं.11/24 से धनु में, 13/09 को घं.27/26 से मकर में संचरण करेंगे। **व्रत त्योहार-** 08/09 को ऋषि पंचमी, संवत्सरी (पंचमी पक्ष), 09/09 को लोलार्क षष्ठी व्रत, स्कन्द षष्ठी, सूर्य षष्ठी व्रत, 10/09 को मुक्ताभरण सप्तमी, महालक्ष्मी व्रतारम्भ, 11/09 को राधाष्टमी, दुर्गाष्टमी 12/09 को श्रीचन्द्र नवमी, महानन्दा नवमी, 13/09 को दशावतार व्रत, 14/09 को पद्मा एकादशी व्रत सबका, हिन्दी दिवस।

मेष || चू, चे, चो, ला, ली, लू, लो, ले, अ

यदि नयी जमीन या मकान खरीदना चाहते हों तो खरीदा जा सकता है। भाई-बंधुओं के सहयोग से कामधंधे में अच्छा लाभ हो सकता है। ऋण लेने या देने में थोड़ी सावधानी बरतनी होगी जिससे होनेवाली किसी आर्थिक हानि को रोका जा सके। स्वास्थ्य पर ध्यान रखना आवश्यक होगा। दिनांक 8 को सामान्य, 9 को हैरानी, 10 को थकान, 11 को सुधार, 12 को लाभ, 13 को प्रगति, 14 को सहयोग। मेष लग्न के लिए सप्ताह सफलतादायक हो सकता है। शुभ दिन 12 से 14 सितम्बर एवं शुभांक 3, 6, 9। अच्छे परिणाम के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना लाभदायक रहेगा।

वृष || इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

पिछली किसी गहरी समस्या का समाधान सहज ही हो सकता है और उसमें कोई क्षति हुई हो तो उसकी भी पूर्ति हो सकती है। आपसी तनाव को अभी ठण्डे बस्ते में डाले रखना चाहिए। कोई रुका हुआ मांगलिक काम बन जाने की संभावना है। आर्थिक स्थिति प्राय: रहने की आशा है। दिनांक 8 को खानपान, 9 को लाभ, 10 को प्रगति, 11 को परेशानी, 12 को चिंता, 13 को सुधार, 14 को सुख। वृष लग्न के लिए सप्ताह मिलाजुला परिणाम देगा। शुभ दिन 8 से 10 सितम्बर एवं शुभांक 3,5, 8। अच्छे परिणाम के लिए माता दुर्गा की पूजा करना लाभदायक रहेगा।

मिथुन || का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा

किसी मांगलिक कार्य में खर्च होने की संभावना है। शिक्षा-दीक्षा में भी खर्च हो सकता है। कामधंधे में यदि कोई दिक्कत आ रही हो तो पहले उसे समझ लेना, फिर कदम उठाना आवश्यक होगा। खानपान को नियमित बनाये रखिये ताकि उदरकष्ट से बचा जा सके। दिनांक 8 को विश्राम, 9 को सुख, 10 को प्रगति, 11 को लाभ, 12 को सहयोग, 13 को सामान्य, 14 को कष्ट। मिथुन लग्न के लिए सप्ताह मिलाजुला परिणाम देगा। शुभ दिन 9 से 11 सितम्बर एवं शुभांक 1, 4, 8। अच्छे परिणाम के लिए गणेशजी को दूब चढ़ाना लाभदायक रहेगा।

कर्क || ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

आर्थिक गतिविधि अच्छी रहने पर भी संतोष का अभाव रहेगा। निवासस्थान को लेकर अचानक कोई समस्या खर्च में डाल सकती है। यदि अनियमित खानपान या अनुचित बात व्यवहार हो जाय तो उसे तुरंत संभाल लेना उचित होगा। किसी भी आर्थिक वादे पर विश्वास न करें। दिनांक 8 को तनाव, 9 को सामान्य, 10 को प्रगति, 11 को सुख, 12 को लाभ, 13 को सुविधा, 14 को खानपान। कर्क लग्न के लिए सप्ताह कुछ चिंतित बना सकता है। शुभ दिन 10 से 12 सितम्बर एवं शुभांक 4, 6, 9। अच्छे परिणाम के लिए शिवजी को बेलपत्र अर्पित करना लाभदायक रहेगा।

सिंह || मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

कोई पुरानी हड्डी या नस की समस्या फिर पनप सकती है इसके लिए सावधानी बनाये रखना उचित होगा। कोई आर्थिक विवाद चल रहा हो तो उसका समाधान हो सकता है, फिर भी भविष्य को ध्यान में रखकर ही कोई भी कदम उठाना उचित होगा। दिनांक 8 को सामान्य, 9 को चिंता, 10 को हैरानी, 11 को समाधान, 12 को प्रगति, 13 को लाभ, 14 को सहयोग। सिंह लग्न के लिए सप्ताह प्रगतिकारक हो सकता है। शुभ दिन 12 से 14 सितम्बर एवं शुभांक 1, 3, 6। अच्छे परिणाम के लिए पान के पत्तों का दान करना लाभदायक रहेगा।

कन्या || टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

जमीन-जायदाद को लेकर किसी उलझन का समाधान हो सकता है। यदि विचारवान व्यक्ति को मध्यस्थ बनाया जाय। कोई नये प्रकार का खर्च आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। जहां तक हो सके अभी कुछ भी निवेश नहीं करना चाहिए। शांति बनाये रखना आवश्यक होगा। दिनांक 8 को खानपान, 9 को उत्साह, 10 को लाभ, 11 को हैरानी, 12 को चिंता, 13 को सुधार, 14 को प्रगति। कन्या लग्न के लिए सप्ताह कर्मव्यस्तता का हो सकता है। शुभ दिन 8 से 10 सितम्बर एवं शुभांक 3, 5, 7। अच्छे परिणाम के लिए हरे फल का दान करना लाभदायक रहेगा।

तुला || रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

जितना लाभ, उतना ही खर्च, मानसिक शांति भंग न करें इसका ध्यान रखना होगा। किसी जनोपयोगी काम में व्यस्त रहना पड़ सकता है। यदि छोटी-छोटी बातों पर तनाव बढ़ सकता है तो उसे विशेष महत्व देना उचित नहीं होगा। जमीन-जायदाद की समस्या सुलझेगी। दिनांक 8 को मनोरंजन, 9 को लाभ, 10 को सुख, 11 को सहयोग, 12 को प्रगति, 13 को सामान्य, 14 को चिंता। तुला लग्न के लिए सप्ताह उत्साह बनाये रखने का होगा। शुभ दिन 9 से 11 सितम्बर एवं शुभांक 2, 4, 6। अच्छे परिणाम के लिए मां काली के मंदिर में पीले लड्डू का दान करना लाभदायक रहेगा।

वृश्चिक || तो, न, नी, नू, ने, ना, या, यी, यू

सामाजिक मान-मर्यादा बढ़ेगी, जिसका प्रभाव कर्मक्षेत्र, लोकप्रियता और आर्थिक क्षेत्र पर भी पड़ेगा, फिर भी यदि कोई नया संबंध बन रहा हो तो पहले उस पर सोच विचार बनाना आवश्यक होगा। वाद-विवाद से बचे रहना प्रगति के मार्ग को अनुकूल बनाये रखेगा। दिनांक 8 को खर्च, 9 को सामान्य, 10 को प्रगति, 11 को लाभ, 12 को आनंद, 13 को सुविधा, 14 को खानपान। वृश्चिक लग्न के लिए सप्ताह प्रगतिकारक रहेगा। शुभ दिन 10 से 12 सितम्बर एवं शुभांक 1, 4, 6। अच्छे परिणाम के लिए हनुमानजी को गुड़ का भोग लगाना लाभदायक रहेगा।

धनु || ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे

कोई रुका हुआ काम हल्के प्रयास से ही हल हो सकता है और कोई न कोई आर्थिक अवसर मिल जा सकता है जिसे आर्थिक लाभ में समझदारी ही बदल सकती है। पारिवारिक या सामाजिक क्षेत्र में अच्छे व्यवहार से ही प्रतिष्ठा और सम्मान अर्जित किया जा सकता है। दिनांक 8 को सामान्य, 9 को खर्च, 10 को हैरानी, 11 को समाधान, 12 को सुख, 13 को लाभ, 14 को प्रगति। धनु लग्न के लिए सप्ताह सुखद हो सकता है। शुभ दिन 12 से 14 सितम्बर एवं शुभांक 4,6, 8। अच्छे परिणाम के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना लाभदायक रहेगा।

मकर || भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी

यदि शांति और विवेक के साथ कर्मक्षेत्र में व्यवहार किया जाय तो हर क्षेत्र में अच्छा परिणाम मिल सकता है और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और विश्वास भी बढ़ सकता है। कुछ विवादास्पद अवसर आ सकते हैं जिनसे बचना भविष्य के लिए सुखद हो सकता है। दिनांक 8 को मनोरंजन, 9 को लाभ, 10 को सुख, 11 को खर्च, 12 को चिंता, 13 को समाधान, 14 को सुविधा। मकर लग्न के लिए सप्ताह प्रगतिकारक हो सकता है। शुभ दिन 8 से 10 सितम्बर एवं शुभांक 3, 5, 9। अच्छे परिणाम के लिए शनि मंदिर में तिल का लड्डू का दान करना लाभदायक रहेगा।

कुंभ ॥ गू, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द

किसी विशेष हितैषी के लिए चिंता हो सकती है और इसमें जो खर्च हो सकता है उसे न करने की स्थिति में मन दुखी रह सकता है। किसी भी समस्या के सुलझाने में शांत बुद्धि का प्रयोग करना हितकारी होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और प्रतिष्ठा भी बढ़ती रहेगी। दिनांक 8 को विश्राम, 9 को प्रगति, 10 को सुख, 11 को लाभ, 12 को सहयोग, 13 को समाधान, 14 को खर्च। कुंभ लग्न के लिए सप्ताह सुखप्रद हो सकता है। शुभ दिन 9 से 11 सितम्बर एवं शुभांक 4, 6, 9। अच्छे परिणाम के लिए दही और चीनी का दान करना लाभदायक रहेगा।

मीन ॥ दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

हठात कोई ऐसा खर्च आ सकता है जो कुछ दिनों तक चिंता का कारण बना रह सकता है। आलसी प्रवृत्ति यदि बढ़ रही हो तो तुरन्त इसका त्याग आवश्यक होगा। वाद-विवाद को सुलझाने में बुद्धि सफल रहेगी, किन्तु कोई अपयश की संभावना भी रहेगी। सावधानी आवश्यक होगी। दिनांक 8 को बाधा, 9 को सामान्य, 10 को प्रगति, 11 को लाभ, 12 को सुख, 13 को अवसर, 14 को खानपान। मीन लग्न के लिए सप्ताह मिलाजुला परिणाम देगा। शुभ दिन 10 से 12 सितम्बर एवं शुभांक 2, 5, 9। अच्छे परिणाम के लिए मूंग का दान करना लाभदायक रहेगा।